कार्यालय
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला स्वास्थ्य समिति, जिला–जांजगीर चांपा (छ.ग.)
email: cmhojanjgir@gmail.com

क्रमांक / एन.एच.एम. / 2026–27 / 5533 जांजगीर चांपा, दिनांक 23 / 07 / 2026

# "संविदा भर्ती विज्ञापन"

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु जिले की स्वीकृत आर.ओ.पी. के अनुसार तथा मानव संसाधन नीति 2018 में दिये गये निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन / जिला स्वास्थ्य समिति, जिला जांजगीर–चांपा के अन्तर्गत निम्न तालिका 'अ' में दर्शित रिक्त **संविदा पदों** हेतु इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र कार्यालय **मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला जांजगीर–चांपा छ.ग.** के नाम से रजिस्टर्ड डाक एवं स्पीड पोस्ट के माध्यम से **दिनांक 10 / 08 / 2026** तक कार्यालयीन समय में **सायं: 5:00** बजे तक आमंत्रित किये जातें हैं एवं अन्य किसी माध्यम से या सीधे आवेदन तथा निर्धारित तिथि व समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**तालिका 'ब'** में दर्शित रिक्त संविदा पदों हेतु कार्यालय **मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला जांजगीर–चांपा छ.ग.** में निर्धारित शैक्षणिक योग्यतानुसार इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवारों द्वारा स्वयं उपस्थित होकर बंद लिफाफा में आवेदन आमंत्रित किया जाता है, उक्त आवेदन के संबंध में विस्तृत विवरण पृष्ठ क्रमांक 5 में उल्लेखित है।

तालिका "अ" एवं "ब" के रिक्त पदों का रोस्टरवार / वर्गवार विवरण निम्नानुसार है :–

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत रिक्त संविदा पदों का रोस्टरवार / वर्गवार विवरण

## तालिका –"अ"

| क्र. | पद नाम | कुल रिक्त पद | कुल रिक्त पदों का प्रवर्गवार विवरण | | | | शैक्षणिक योग्यता | | संविदा आधारित एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | ST | SC | OBC | Educational Qualification | Desireable Qualification/ Experience | |
| 1 | Radiographer | 7 | 3 (1-F) | 1 | 2 | 1 | 1. 10+2 पद्धति में 12 वी कक्षा विज्ञान विषय के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। 2. क्ष–किरण तकनीशियन / रेडियोग्राफर का छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त पैरामेडिकल पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होना नाहिए। 3. छ.ग. पैरामेडिकल कांउसिल से रेडियोग्राफर / क्ष–किरण तकनीशियन का जीवित पंजीयन होना चाहिए। | - | 15000/- |
| 2 | Programme Associate PMDT and TB/HIV (NTEP) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1. Graduate. 2. Certificate Course in Computer Operation (Minimum Two Months) 3. Permanent Two Wheeler Driving License and should be able to drive Two Wheeler | 1. At- least 2 years of work experience under RNTCP or 5 year experience in any public health programme in a supervisory capacity. 2. Good Communication skills in local language & willing to travel in the area of work. | 22300/- |

| क्र. | पद नाम | कुल रिक्त पद | कुल रिक्त पदों का प्रवर्गवार विवरण | | | | शैक्षणिक योग्यता | | संविदा आधारित एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | ST | SC | OBC | Educational Qualification | Desireable Qualification/ Experience | |
| 3 | Laboratory Technician (NHM/BPHU) | 12 | 7 (2-F) | 2 | 2 | 1 | DMLT/BMLT/पैथालाजी में पैरामेडिकल कोर्स उत्तीर्ण एवं पैरामेडिकल कॉउंसिल में अनिवार्य पंजीयन | - | 14000/- |
| 4 | ANM (HWC/RBSK) | 3 | 2 (रिक्त दोनो पद दिव्यांग (OL) हेतु आरक्षित) | 0 | 0 | 1 | 12th Passed, ANM Passed from INC affilited Training Center & Live Registration in CG Nursing Registration Council. | - | 12000/- |
| 5 | Dental Surgeon (DEIC) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | MDS with Registration in C.G. Medical Council is Compulsory<br>OR<br>BDS with registration in C.G. Medical Council is Compulsory<br>(Common Merit List will be prepared) | - | 27500/- |
| 6 | Technical Assistant – hearing Impaired Children (NPPCD) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | Diploma in Training Young, deaf and Hearing handicapped (DTYDHH) from RCI recognized institute. | - | 15000/- |
| 7 | STS (NTEP) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 01. Bachelor's Degree OR Recognized sanitary inspectors course<br>02. Certificate course in computer opration (Minimum 2 Month)<br>03. Permanent two wheeler driving license & should be able to drive two wheeler | 01. Tuberculosis health visitors recognized course.<br>02. Govt. recognized degree/diploma in Social work or Medical Social work.<br>03. Successful complation of basic training course (Govt. recognized) for Multi-purpose health workers. | 17500/- |
| 8 | Accountant NTEP | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1.Graduate in Commerce.<br>2. 2 Year experience in maintenance of accounts on double entry system in a recognized society or institution.<br>3. Experience in working with accounting software for atleast 2 years. | 1.Familiarity with audit in a recognized Society Or Institution<br>2. MBA/PGD in Financial management | 16000/- |
| 9 | Block Manager Data | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | Graduate (55%) & PGDCA<br>OR<br>BCA (55%) | - | 21000/- |

| क्र. | पद नाम | कुल रिक्त पद | कुल रिक्त पदों का प्रवर्गवार विवरण | | | | शैक्षणिक योग्यता | | संविदा आधारित एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | ST | SC | OBC | Educational Qualification | Desireable Qualification/ Experience | |
| 10 | Community Health Officer (HWC) | 4 | 0 | 3 (1 पद दिव्यांग OL हेतु आरक्षित) | 1 (दिव्यांग OL हेतु आरक्षित) | 0 | B.Sc. Nursing Certificate in Community Health **Integrated Course.** **OR** Post Basic B.Sc. Nursing Certificate in Community Health **Integrated Course.** Live Registration in CG.Nursing Registration Council | - | 16500/- |
| 11 | Sr. Nursing Officer (Psychiatric Nurse) (NMHP) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | एमएससी साईकेट्रिक नर्सिग अथवा बीएससी नर्सिग के साथ डिप्लोमा इन साईकेट्रिक नर्सिग ( नर्सिग काउंसलिंग का जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।) के साथ 2 वर्ष मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल अथवा क्लीनिक में कार्य करने का अनुभव। | डिप्लोमा इन कम्यूनिटी मेंटल हेल्थ (साईक्रेट्रिक नर्सिग) को प्राथमिकता दी जावेगी। | 31500/- |
| 12 | Counsellor (NHM) | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | PG Degree/ Diploma in psychology/Counselling/ health Education/Mass Communication//Social Science | - | 12000/- |
| 13 | Jr. Secretarial Assistant-LDC-NUHM | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 12 th Passed with at least 01 year Computer diploma. | संबंधित क्षेत्र का कार्य अनुभव | 12000/- |
| 14 | Security Guard (NHM) | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1. अभ्यर्थी का किसी भी मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड से 10वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा।<br>2. अभ्यर्थी शारीरिक रूप से स्वस्थ्य हो। इस हेतु जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी मेडिकल सार्टिफिकेट अनिवार्य होगा।<br>3.आयु सीमा 21 से 40 वर्ष होगी तथा अजा. एवं अजजा. वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु 05 वर्ष की छूट होगी।<br>4.अभ्यर्थी की न्यूनतम उचाई 160 सेमी. होना अनिवार्य है।<br>5.किसी भी शासकीय/ अर्ध शासकीय/निजी संस्था में सेक्यूरिटी गार्ड के रूप में कार्य करने का 01 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य होगा। शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था के अनुभव को अंक प्रदान किया जाना है तथा नीजि संस्था के अनुभव को मान्य करते हुए अभ्यर्थी को पात्र किया जाना है किन्तु अनुभव का अंक सम्मिलित नहीं किया जाना है।<br>6. अभ्यर्थी द्वारा निवास ग्राम/शहर अनुसार सरपंच/वार्ड पार्षद द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। | संबंधित क्षेत्र का कार्य अनुभव | 10000/- |
| 15 | Class IV – UHWC | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 10 th Passed | - | 10000/- |

| क्र. | पद नाम | कुल रिक्त पद | कुल रिक्त पदों का प्रवर्गवार विवरण | | | | शैक्षणिक योग्यता | | संविदा आधारित एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | ST | SC | OBC | Educational Qualification | Desireable Qualification/ Experience | |
| 16 | Support Staff (House keeping) (NHM) | 4 | 1 | 1 | 1 | 1 | 08 th Passed | - | 8800/- |
| 17 | Cleaner (SNCU) | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 08 th Passed | - | 8800/- |
| 18 | RMA | 2 | 0 | 1 | 1 | 0 | Practitioner in Modern and Holistic Medicine (PMHM) पाठ्यक्रम उत्तीर्ण तथा छत्तीसगढ़ चिकित्सा मण्डल द्वारा पंजीकृत होना अनिवार्य है। | - | 22000/- |
| 19 | Lab Attandant-DPHL (NIDDCP) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 10+2 पद्वति में विज्ञान (बायोलॉजी) विषय के साथ, कक्षा 12 वीं में उत्तीर्ण होना चाहिए | - | 12000/- |
| | कुल योग | 46 | 23 | 11 | 8 | 4 | | | |

टीप :- **H – Handicaped , OL – One Leg , OA- One Arm, F- Female**

## तालिका – ''ब'' (साक्षात्कार/कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा हेतु पद)

| क्र. | पद नाम | कुल रिक्त पद | कुल रिक्त पदों का प्रवर्गवार विवरण | | | | शैक्षणिक योग्यता | | संविदा आधारित एकमुश्त मासिक वेतन | सक्षात्कार विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | ST | SC | OBC | Educational Qualification | Desireable Qualification /Experience | | |
| 1 | Attendant (NRC) | 2 | 0 | 1 | 1 | 0 | 08 th Passed | - | 8800/- | दिनांकः– 04/08/2026 दिनः– मंगलवार आवेदन जमा करने का समयः– प्रातः 11 बजे से सायं 03 बजें तक |
| 2 | Cook Cum Care Taker (NRC) | 2 | 0 | 1 | 1 | 0 | 08th Passed | - | 8800/- | दिनांकः– 05/08/2026 दिनः– बुधवार आवेदन जमा करने का समयः– प्रातः 11 बजे से सायं 03 बजें तक |
| 3 | Feeding Demonstrator | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | BSC Home Science | - | 12000/- | दिनांकः– 06/08/2026 दिनः– गुरूवार आवेदन जमा करने का समयः– प्रातः 11 बजे से सायं 03 बजें तक |
| 4 | Staff Nurse (SNCU/ NBSU /NRC) | 14 | 7 (1 पद दिव्यांग OL हेतु आरक्षित) | 1 | 4 | 2 | B. Sc. Nursing **OR** GNM Course with passed & live registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council | - | 16000/- | दिनांकः– 07/08/2026 दिनः– शुक्रवार आवेदन जमा करने का समयः– प्रातः 11 बजे से सायं 03 बजें तक |
| | कुल योग | 20 | 8 | 4 | 6 | 2 | | | | |

टीप :- **H – Handicaped , OL – One Leg , OA- One Arm, F- Female**

## उपरोक्त तालिका 'ब' में दर्शित रिक्त संविदा पदों के "साक्षात्कार" के संबंध में:–

- ❖ दर्शित रिक्त पदों के लिये योग्य पात्र अभ्यर्थी साक्षात्कार/कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा के लिए निर्धारित प्रपत्र एवं बंद लिफाफा में पद से संबंधित समस्त अनिवार्य शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेज (स्व हस्ताक्षरित) दिये गए निर्धारित तिथि एवं समय में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला जांजगीर–चांपा के आवक–जावक शाखा में जमा कर सकतें हैं।
- ❖ भर्ती दिशानिर्देशानुसार पद के अनुरूप कण्डिका 2 एव 2.1 के अनुसार डी.डी. (मूलप्रति), प्रस्तुत आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा आवदेन अमान्य कर दिया जावेगा।
- ❖ बंद लिफाफा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला जांजगीर–चांपा के नाम से होगा, आवेदक अपना नाम एवं पता स्पष्ट रूप से लिखेंगे साथ ही बंद लिफाफा में आवेदित पद का नाम एवं आवेदित वर्ग का उल्लेख करना अनिवार्य होगा।
- ❖ अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जाएंगे। प्रत्येक आवेदक को चाहिए की विज्ञापन में दिए गए निर्देशों तथा आवेदन पत्र में सभी जानकारी देखकर एवं सावधानीपूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरें। यदि आवेदन पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण या त्रुटीपूर्ण दी जाती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी आवेदक की होगी त्रुटी अथवा अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिए आवेदन पत्र चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा।
- ❖ तालिका "ब" में दर्शित पद के लिए पृथक से रजिस्टर्ड डाक एवं अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार/मान्य नहीं किया जायेगा तथा आवेदन करने पर डी.डी. वापसी योग्य नहीं होगा एवं आवेदन को अमान्य कर दिया जावेगा।
- ❖ तालिका "ब" में दर्शित समस्त पदों का दावा आपत्ति हेतु पात्र/अपात्र सूची, निराकरण सूची तथा साक्षात्कार/कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा एवं भर्ती प्रक्रिया के संबंध में अन्य सूचना समय–समय पर जिले के वेबसाइट www.janjgir-champa.gov.in में अपलोड किया जायेगा एवं कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया जायेगा।
- ❖ स्टॉफ नर्स के पद हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता में कुल प्राप्तांकों के प्रतिशत का– 60 प्रतिशत, कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार–20 अंक एवं अनुभव – 10/15/20 अंक (एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक, 3 अंक प्रतिवर्ष के मान से तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक, 2 अंक प्रतिवर्ष के मान से एवं मितानिन कार्य अनुभव का 20 अंक, 4 अंक प्रतिवर्ष के मान से प्रदान किया जायेगा) बिन्दु क्रमांक 5.16 के अनुसार चयनित मेरीट क्रम में वर्गवार पात्र अभ्यर्थियों का निर्धारित तिथि अनुसार साक्षात्कार/कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा आयोजित किया जावेगा।
- ❖ फीडिंग डेमोंस्ट्रेटर पद हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता में कुल प्राप्तांकों के प्रतिशत का– 65 प्रतिशत, कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार –20 अंक अनुभव – 10/15 अंक (एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक, 3 अंक प्रतिवर्ष के मान से तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक, 2 अंक प्रतिवर्ष के मान से प्रदान किया जावेगा) बिन्दु क्रमांक 5.16 के अनुसार चयनित मेरीट क्रम में वर्गवार पात्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार/कौशल परीक्षा/लिखित निर्धारित तिथि अनुसार आयोजित किया जावेगा।
- ❖ जिन पदों का निर्धारित शैक्षणिक योग्यता 08वीं (Attendant –NRC एवं Cook Cum Care Taker) है उनका निर्धारित शैक्षाणिक योग्यता के कुल प्राप्तांकों के प्रतिशत का– 85 प्रतिशत तथा अनुभव के कुल अधिकतम 15 अंक (एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक, 3 अंक प्रतिवर्ष के मान से तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक, 2 अंक प्रतिवर्ष के मान से प्रदान किया जावेगा) जोडकर पात्र अभ्यर्थियों का मेरीट अंक सूची के आधार पर चयन किया जावेगा तथा उक्त पद का साक्षात्कार/कौशल परीक्षा/लिखित नहीं लिया जायेगा। उक्त संबंध में आवश्यक सूचना समय–समय पर जिले के वेबसाइट www.janjgir-champa.gov.in में अपलोड कराया जायेगा एवं कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया जायेगा।
- ❖ भर्ती प्रक्रिया के संबंध में अन्य नियम–शर्ते एवं दिशानिर्देश यथावत रहेगी।
- ❖ साक्षात्कार/कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा के संबंध में चयन समिति द्वारा लिया गया निर्णय समस्त अभ्यर्थियों को मान्य होगा।

## जिला स्तरीय चयन/भर्ती प्रक्रिया के संबंध में नियम–शर्ते एवं दिशा–निर्देश

1. आवेदन पत्र/विज्ञापन के संबंध में :–

1.1 यह नियुक्ति माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी.(सी) क्रमांक 19668/2022 कि अंतिम आदेश के अधीन होगी।

1.2 विज्ञापित पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप व उक्त पदों की भर्ती के संबंध में सामान्य शर्ते व दिशा निर्देश एवं चयनित उम्मीदवारो की सूची, तथा भर्ती संबंधी अन्य जानकारियां समय–समय मे जिले की वेबसाइट **www.janjgir-champa.gov.in** सें देखी व डाउनलोड की जा सकेगी, एवं अन्य किसी माध्यम से सूचना नहीं दिया जायेगा।

1.3 आवेदन पत्र स्वप्रमाणित एवं समस्त अनिवार्य दस्तावेजों के साथ कार्यालयीन समय शाम 5.00 बजे तक **दिनांक 10/08/2026 तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)** के पते पर रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा, आवेदन पत्र प्रेषित/जमा कर सकते है इसके अलावा अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। (तालिका ''अ'' में दर्शित रिक्त संविदा पद हेतु)

1.4 निर्धारित तिथि व कार्यालयीन समय के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्र किसी भी शर्त में स्वीकार नहीं किया जावेगा।

1.5 अभ्यर्थी को छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है, अभ्यर्थी को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

1.6 अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जाएंगे। प्रत्येक आवेदक को चाहिए की विज्ञापन में दिए गए निर्देशों तथा आवेदन पत्र में सभी जानकारी देखकर एवं सावधानीपूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरें। यदि आवेदन पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण या त्रुटीपूर्ण दी जाती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी आवेदक की होगी त्रुटी अथवा अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिए आवेदन पत्र चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा विज्ञापन जारी करने के उपरांत निर्धारित तिथि तक आवेदन प्राप्त ना होने पर डाक विलंब के लिये विभाग की कोई जिम्मेदार नहीं होगी।

1.7 उपरोक्त पदो पर आवेदन के समय मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल/संस्था/विश्वविद्यालय से निर्धारित शैक्षणिक योग्यता (समस्त सेमेस्टर/समस्त वर्षो की अंक सूची), एवं कम्प्यूटर से संबंधित डिग्री/डिप्लोमा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से होना अनिवार्य है।

1.8 आवेदन के साथ नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा वर्तमान में कार्यरत होने की स्थिति में नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा तथा प्रमाण पत्र में जारीकर्ता कार्यालय का जावक क्रमांक व तिथि का स्पष्ट उल्लेख होना आवश्यक है।

1.9 विज्ञापित रिक्त पद हेतु प्रस्तुत आवेदन के लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम, संवर्ग (अनारक्षित, अ.जा., अ.ज.जा.,अ.पि.व.) स्पष्ट लिखा होना आवश्यक है।

1.10 आवेदन के साथ अनिवार्य/वांछित शैक्षणिक योग्यता के प्रत्येक वर्ष की पूर्ण अंकसूची की स्व–प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगा।

1.11 एक से अधिक पदों के लिये आवेदन देने की स्थिति में प्रत्येक पद के लिये पृथक–पृथक से आवेदन व शुल्क प्रस्तुत करना होगा।

## 2. आवेदन शुल्क :–

| वर्ग | मानदेय प्रतिमाह 25000 से कम आय के पदो के लिये | मानदेय प्रतिमाह 25000 एवं 25000 से अधिक आय के पदो के लिये | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| दिव्यांग/अ.जा./अ.ज.जा./महिला | 100 रू. | 200 रू. | आवेदन शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा **DISTRICT HEALTH SOCIETY, Non NHM Other Fund Janjgir** के नाम पर डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से देय होगा। |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | 200 रू. | 300 रू. | |
| अनारक्षित संवर्ग | 300 रू. | 400 रू. | |

2.1 प्रत्येक पद के आवेदन पत्र के साथ निर्धारित आवेदन शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा **DISTRICT HEALTH SOCIETY, Non NHM Other Fund Janjgir** के नाम से देय होगा डीडी (Demand Draft) की **मूल प्रति** आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा डिमांड ड्राफ्ट के अलावा अन्य किसी भी माध्यम से शुल्क देय मान्य नही होगा डी.डी कमांक का उल्लेख करने पर ही आवेदन मान्य होगा, बिना आवेदन शुल्क के आवेदन पर विचार नही किया जायेगा, 01 से अधिक पद में आवेदन करने पर प्रत्येक पद हेतु अलग – अलग डी.डी संलग्न करना अनिवार्य होगा जो कि **Non-Refundable** (वापसी देय योग्य नही) होगा।

3. आरक्षण :-

3.1 विशेष आरक्षण अर्हता रखने वाले (दिव्यांग/भूतपूर्व सैनिक/महिला आरक्षण नियमानुसार होगी) अभ्यार्थियो को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी उससे संबंधित दस्तावेज संलग्न किये जाने होंगे अन्यथा ऐसे अभ्यार्थियो को आवेदन पत्र में प्रमाण पत्र संलग्न ना होने की स्थिति में संबधित प्रवर्ग के सामान्य श्रेणी में सम्मिलित किया जावेगा।

3.2 संविदा नियुक्ति के लिये छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी आरक्षण नियम का पालन किया जावेगा छ.ग. लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गो के लिये आरक्षण) अधिनियम 1994 एवं उसके अधीन जारी नियम/निर्देश जो समय-समय पर पर लागू होंगे।

3.3 संविदा भर्ती के संदर्भ में आरक्षण व अन्य शर्तें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. द्वारा जारी मानव संसाधन नीति 2018 एवं मानव संसाधन नीति 2018 के यथासंभव संशोधित नियमों के सभी शर्तों व नियम के अनुसार लागू होंगे।

3.4 अनुसूचित जाति/अनूसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा इस विषय पर छ.ग. शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशानुसार कार्यवाही की जावेगी।

3.5 दिव्यांग आवेदको को छत्तीसगढ सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ/20-4/2014/आ.प्र./1-3 नया रायपुर दिनांक 27.09.2014 अनुसार केवल ऐसे व्यक्ति सेवाओं/पदों मे आरक्षण के लिये पात्र होगें, जो कम से कम 40 प्रतिशत संगत दिव्यांगता से ग्रस्त हो। जो व्यक्ति आरक्षण का लाभ उठाना चाहतें है, उन्हे सक्षम मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

3.6 नर्सिंग कैडर के दिव्यांग पद हेतु केवल (OL) एक पैर दिव्यांग ही पात्र होंगे।

4. आयु सीमा :-

4.1 संविदा भर्ती के लिये न्युनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 70 वर्ष चिकित्सकीय पद हेतु तथा 64 वर्ष प्रबंधकीय पद हेतु होगी आयु की गणना विज्ञापन वर्ष के दिनॉक 01 जनवरी 2026 से की जावेगी।

5. चयन प्रकिया :-

5.1 चयन प्रक्रिया हेतु निम्नानुसार अंक निर्धारित हैः-

<u>तालिका "अ" में दर्शित पद हेतु</u>

| क्र. | विवरण | पद नाम | कुल रिक्त पद | चयन प्रकिया हेतु अंक निर्धारित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कौशल परीक्षा/ लिखित परीक्षा/ साक्षात्कार | ANM (HWC/RBSK) | 3 | 1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांकों के प्रतिशत का 60 प्रतिशत<br>2. कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार - 20 अंक<br>3. अनुभव - 10/15/20 अंक (एनएचएम में कार्यरत् अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक, 3 अंक प्रतिवर्ष के मान से तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक, 2 अंक प्रतिवर्ष के मान से एवं मितानिन कार्य अनुभव का 20 अंक, 4 अंक प्रतिवर्ष के मान से प्रदान किया जायेगा) |
| 2 | | Community Health Officer (HWC) | 4 | |
| 3 | | Sr. Nursing Officer (Psychiatric Nurse) | 1 | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | कौशल परीक्षा/ लिखित परीक्षा/ साक्षात्कार | Radiographer | 7 | 1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांकों के प्रतिशत का 65 प्रतिशत<br>2. कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार – 20 अंक<br>3. अनुभव – 10/15 अंक (एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक, 3 अंक प्रतिवर्ष के मान से तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक, 2 अंक प्रतिवर्ष के मान से प्रदान किया जावेगा) |
| 5 | | Programme Associate PMDT and TB/HIV (NTEP) | 1 | |
| 6 | | Laboratory Technician (NHM/BPHU) | 12 | |
| 7 | | Dental Surgeon (DEIC) | 1 | |
| 8 | | Technical Assistant - Hearing Impaired Children (NPPCD) | 1 | |
| 9 | | STS – (NTEP) | 1 | |
| 10 | | Accountant (NTEP) | 1 | |
| 11 | | Block Manager - Data | 1 | |
| 12 | | Counsellor (NHM) | 1 | |
| 13 | | Jr. Secretarial Assistant-LDC-NUHM | 1 | |
| 14 | | RMA | 2 | |
| 15 | | Lab Attandant- DPHL (NIDDCP) | 1 | |
| 16 | प्रविण्यता सूची के आधार पर | Security Guard (NHM) | 1 | निर्धारित शैक्षाणिक योग्यता में प्राप्तांको के प्रतिशत का 85 प्रतिशत तथा अनुभव के कुल अधिकतम 15 अंक जोडकर मेरीट अंक सूची के आधार पर चयन किया जावेगा (एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक, 3 अंक प्रतिवर्ष के मान से तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक, 2 अंक प्रतिवर्ष के मान से प्रदान किया जावेगा) |
| 17 | | Class IV – UHWC | 1 | |
| 18 | | Support Staff (House keeping) (NHM) | 4 | |
| 19 | | Cleaner (SNCU) | 2 | |

## तालिका ''ब'' में साक्षात्कार हेतु दर्शित पद के लिए

| क्र. | विवरण | पद नाम | कुल रिक्त पद | चयन प्रकिया हेतु अंक निर्धारित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रविण्यता सूची के आधार पर | Attendant (NRC) | 2 | निर्धारित शैक्षाणिक योग्यता में प्राप्तांको के प्रतिशत का 85 प्रतिशत तथा अनुभव के कुल अधिकतम 15 अंक जोडकर मेरीट अंक सूची के आधार पर चयन किया जावेगा (एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक, 3 अंक प्रतिवर्ष के मान से तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक, 2 अंक प्रतिवर्ष के मान से प्रदान किया जावेगा) |
| 2 | | Cook Cum Care Taker | 2 | |
| 3 | कौशल परीक्षा/ लिखित परीक्षा/ साक्षात्कार | Staff Nurse – (SNCU/ NBSU/NRC) | 14 | 1 शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांकों के प्रतिशत का 60 प्रतिशत<br>2. कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार – 20 अंक<br>3. अनुभव – 10/15/20 अंक (एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक, 3 अंक प्रतिवर्ष के मान से तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक, 2 अंक प्रतिवर्ष के मान से एवं मितानिन कार्य अनुभव का 20 अंक, 4 अंक प्रतिवर्ष के मान से प्रदान किया जायेगा) |
| 4 | कौशल परीक्षा/ लिखित परीक्षा/ साक्षात्कार | Feeding Demonstrator | 2 | 1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांकों के प्रतिशत का 65 प्रतिशत<br>2. कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार – 20 अंक<br>3. अनुभव – 10/15 अंक (एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक 3 अंक प्रतिवर्ष के मान से तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जावेगा) |

5.2 कार्यालय मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. रायपुर द्वारा आदेश क्रमांक/एनएचएम/2018/467/1325 नया रायपुर दिनांक 28.07.2018 के द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जारी मानव संसाधन नीति 2018 के कण्डिका क्रमांक 16 के उप कण्डिका 16.2 मे उल्लेखित अनुसार – विज्ञापित पदों पर चयन प्रक्रिया आर.ओ.पी. के अधीन शर्ते, पद का स्वरूप, समय की उपलब्धता, आवश्यकता, पद का प्रारूप, शैक्षणिक अर्हता एवं समयावधि को विचार में लेते हुये पद्वति का निर्धारण जिला स्वास्थ्य समिति/जिला चयन समिति के द्वारा किया जावेगा।

5.3 मानव संसाधन नीति 2018 के कण्डिका क्रमांक 16 के उप कण्डिका 16.5 में उल्लेखित अनुसार विज्ञापन में प्रकाशित शैक्षणिक योग्यता के क्रम के अनुसार भर्ती में चयन हेतु प्राथमिकता दी जावेगी।

5.4 Community Health Officer (CHO) के पद पर भर्ती हेतु विज्ञापन पर अंकित शैक्षणिक योग्यता के प्राप्त अंको के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी (बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक नर्सिंग के अंतिम वर्ष की अंकसूची में अंकित एग्रीगेट अंक को आवेदन में भरा जावे) इसी मेरिट के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया जावेगा।

5.5 Community Health Officer (CHO) के पद पर ऐसे अभ्यर्थी जो सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्यूनिटी हेल्थ सम्मिलित बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम (B.Sc.Nursing Certificate in Community Health Integrated Course) अथवा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्यूनिटी हेल्थ सम्मिलित पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम (Post Basic B.Sc. Nursing Certificate in Community Health Integrated Course) उत्तीर्ण हो उन्हे विज्ञापन में संलग्न Appendix-1 अनुसार Integrated Course उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य से हस्ताक्षर कराकर आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

5.6 Community Health Officer (CHO) पद हेतु नर्सिंग काउसिलिग मे जीवित पंजीयन होना अनिवार्य हैं, छ.ग. नर्सिंग काउसलिंग मे जीवित पंजीयन नही होने की स्थिति में चयन के पश्चात् 45 दिवस का समय प्रदान किया जावेगा।

5.7 साईक्रेट्रिक नर्स के पद हेंतु 20 अंको का कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार में एक विषय विशेषज्ञ आमंत्रित सदस्य के रूप में उपस्थित रहेगें।

5.8 नर्सिंग संवर्ग के (साईक्रेट्रिक नर्स एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (CHO) के पद को छोडकर) शेष नर्सिंग संवर्ग के पदो हेतु प्रसव प्रक्रिया तथा नवजात शिशु की देखभाल संबंधी 20 अंक का टेस्ट/कौशल/लिखित परीक्षा शासकीय बीएससी/जीएनएम संस्थान के प्राध्यापक/ट्युटर द्वारा चयन समिति के समक्ष लिया जायेगा।

5.9 सिक्यूरिटी गार्ड के पद हेतु अंतिम चयन शारीरिक नापजोख दक्षता के पश्चात जारी किया जावेगा।

5.10 आवेदन करने वाले ऐसे अभ्यार्थी, जो ग्रेडिंग सिस्टम से उत्तीर्ण हैं, वे संबंधित स्कूल/विभाग के प्राचार्य/ प्रधान पाठक/उच्चाधिकारियों के हस्ताक्षर एवं सील मुद्रा के साथ पूर्णांक व प्राप्तांक की जानकारी आवेदन में संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

5.11 अभ्यर्थियो को कौशल परीक्षा/साक्षात्कार/लिखित परीक्षा हेतु निर्धारित कुल अंको का 30 प्रतिशत अंक अर्जित करना अनिवार्य होगा 30 प्रतिशत अंक अर्जित नही करने की दशा में अभ्यार्थी को अपात्र माना जायेगा।

5.12 आवश्यकतानुसार कौशल परीक्षा जिला मुख्यालय में ली जावेगी। जिसमें सम्मिलित होने के लिए अभ्यार्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा/दैनिक भत्ता भुगतान नहीं किया जावेगा।

5.13 आवश्यकतानुसार कौशल परीक्षा हेतु अभ्यार्थियों की सूची तथा परीक्षा स्थान की जानकारी एवं भर्ती संबंधी जानकारियाँ समय–समय पर जिले के वेबसाइट **www.janjgir-champa.gov.in** एवं कार्यालयीन सूचना पटल में उपलब्ध कराई जावेगी अन्य किसी माध्यम से सूचना नही दिया जायेगा।

5.14 मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा।

5.15 चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार का दबाव डाला/डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रकिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है, तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा

5.16 प्राप्त आवेदनों में से रिक्तियों के आधार पर निम्न तालिका में दिये अनुसार अभ्यर्थियों को साक्षात्कार/कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा हेतु आहूत किया जावेगा।

| क. | कुल विज्ञापित रिक्त पदों की संख्या | कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार लिये जाने हेतु वरीयता के आधार पर अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 1 से 10 | कुल विज्ञापित रिक्त पदो का 10 गुना |
| 2 | 11 से 50 | कुल विज्ञापित रिक्त पदो का 5 गुना |

6. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यार्थियों के जन्म तिथि को आधार मानकर वरियता निर्धारित की जावेगी जिस अभ्यार्थी की उम्र अधिक होगी, उसे वरियता प्रदान की जावेगी।

**7. संविदा अवधि/वेतन निर्धारण :–**

7.1 यह नियुक्ति संविदा आधार पर दिनांक 31 मार्च 2027 तक के लिए की जावेगी, कार्य संतोषजनक पाये जाने पर सेवा अवधि में वृद्वि की जा सकती हैं तथा भारत सरकार द्वारा प्राप्त आर.ओ.पी. में स्वीकृति के आधार पर ही संविदा सेवा अवधि में वृद्वि की कार्यवाही की जावेगी।

7.2 संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एक मुश्त संविदा वेतन व अन्य राशि प्रावधानित आर.ओ.पी. अनुसार देय होगी, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नही होगा।

7.3 चयनित अधिकारी/कर्मचारी का कार्य संतोषजनक नही पाये जाने की स्थिति मे नियोक्ता द्वारा एक माह के अग्रिम नोटिस या एक माह का वेतन देकर किसी भी समय सेवा समाप्त की जा सकेगी अथवा अधिकारी/कर्मचारी एक माह पूर्व नोटिस या एक माह का वेतन जमा कर स्वयं पद त्याग कर सकता है।

7.4 संविदा पर नियुक्ति कर्मचारी का सेवा वृद्वि हेतु "वार्षिक कार्यमूल्यांकन" नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जावेगा।

**8. अनुभव संबंधी नियम/शर्ते :–**

8.1 अनुभव प्रमाण पत्र केवल शासकीय, अर्द्वशासकीय एवं शासकीय वित्त पोषित के ही मान्य होगे आवेदित पद से संबंधित कार्य अनुभव हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. अंतर्गत कार्यरत अभ्यार्थियों को पद से संबंधित कार्यानुभव हेतु प्रतिवर्ष के मान से 03 अंक, अधिकतम 15 अंक एवं अन्य अभ्यर्थियो को प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जावेगा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यानुभव का अंक तभी प्रदान किया जावेगा, जब अनुभव प्रमाण पत्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्य करने का स्पष्ट उल्लेख हों।

8.2 ए.एन.एम./जी.एन.एम./नर्सिग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. के संविदा में भर्ती हेतु मितानिन के रूप में कार्यानुभव हेतु प्रतिवर्ष के मान से 04 अंक, अधिकतम 05 वर्ष हेतु अधिकतम 20 अंक प्रदान किया जावेगा जिसके लिये राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र, रायपुर द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

8.3 अवर सचिव छ.ग. शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का आदेश पत्र क्रमांक एफ 1–67/2021/सत्रह/एक नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 07 दिसंबर 2021 के तहत् कोरोना वैशविक महामारी के दौरान छ.ग. राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एवं 6 माह तक लगातार सेवा देने वाले अस्थायी स्वास्थ्य कर्मियों को विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदो पर चयन हेतु 10 बोनस अंको का लाभ दिया जावेगा। उक्त संबंध में सक्षम अधिकारी /संस्था प्रमुख द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र मान्य किया जावेगा।

8.4 कोविड–19 में कार्य किये जाने का बोनस अंक का लाभ केवल उन्ही अभ्यर्थियो को दिया जावेगा जिनके द्वारा कोविड–19 में कार्य करने की नियुक्ति आदेश की प्रति एवं सक्षम अधिकारी/नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न किया हो।

8.5 अनुभव में अंको की गणना वर्षो के गुणांक के आधार पर (वर्ष पूर्ण होने पर) ही दिया जावेगा तथा 12 माह से कम होने पर अंको की गणना नही की जावेगी।

8.6 अनुभव प्रमाण पत्र में किसी प्रकार का ओवर राईटिंग/त्रुटीपूर्ण होने की स्थिति में अमान्य कर दिया जावेगा।

8.7 अनुभव आवेदित पद से संबंधित होना अनिवार्य है।

8.8 प्रशिक्षण एवं निःशुल्क सेवा अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जाने पर अनुभव को मान्य नही किया जावेगा।

**9. प्रतीक्षा सूची**

9.1 विज्ञापित पदों के लिए प्रतीक्षा सूची भी जारी की जावेगी, जिसकी वैद्यता सूची प्रकाशन तिथि से न्यूनतम 01 वर्ष या अगली नवीन भर्ती के विज्ञापन जारी होने (जो पहले हो) तक होगी।

9.2 प्रतीक्षा सूची हेतु कुल विज्ञापित पदों के 25 पदों तक 200 प्रतिशत, 26 से 50 पदों हेतु 150 प्रतिशत एवं 50 से अधिक पदों हेतु 100 प्रतिशत् अभ्यार्थियों को प्रतीक्षा सूची में रखा जावेगा, ताकि भविष्य में रिक्त होने वाले पद तत्काल भरे जा सकें।

9.3 प्रतीक्षा सूची में वर्तमान आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रतीक्षारत अभ्यार्थियों की संख्या वृद्वि करने के लिये चयन समिति सक्षम रहेगा।

10. दस्तावेज सत्यापन :–

10.1 अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन में दिये गये समस्त प्रविष्टिया मूल दस्तावेज अनुसार सही होना चाहियें अंतिम चयन के पूर्व या पश्चात दस्तावेज जांच में पाया जाता है कि आवेदन में अंकित जानकारी त्रुटिपूर्ण या अधूरी है, तो उन्हे, चयन के पूर्व/पश्चात् किसी भी समय, किसी भी पक्ष की ओर से जानकारी त्रुटिपूर्ण पाये जाने पर उनका चयन निरस्त किया जायेगा।

10.2 शैक्षाणिक योग्यता जिस संस्था से प्राप्त है, उस संस्था का यू.जी.सी., ए.आई.सी.टी.ई. एवं संबंधित कौंसिल से मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य है।

10.3 लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के समय एवं चयनित होने के पश्चात् निम्न दस्तावेजों की मूल प्रति एवं एक स्वप्रमाणित प्रतिलिपि के साथ अभ्यर्थियों को उपस्थित होना/प्रस्तुत करना अनिवार्य है:–

- आठवी की अंकसूची (आठवी की योग्यता वाले पद के लिए)।
- 10 वी की अंकसूची।
- 12 वी की अंकसूची।
- संबंधित पद हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता की समस्त वर्षो की अंकसूची।
- संबंधित पद हेतु वांछनीय शैक्षणिक योग्यता की समस्त वर्षों की अंकसूची।
- मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्राप्त स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि/प्रमाण पत्र।
- मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर की डिप्लोमा/डिग्री की अंकसूची।
- अहर्तानुसार अनिवार्य तकनिकी शैक्षणिक योग्यता संबंधी डिग्री।
- संबंधित कौंसिल/जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र।
- सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति/निवास प्रमाण पत्र। (आवश्यकता होने पर उच्चस्तरीय छानबीन समिति द्वारा अभिप्रमाणित प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा)
- छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवास प्रमाण पत्र।
- पहचान–पत्र। (आधार कार्ड/वोटर आई. डी. कार्ड/पेन कार्ड/ड्राइविंग लायसेंस आदि जिसमें अभ्यर्थियों का नाम, पता, फोटो हो)
- यदि दिव्यांग है तो (दिव्यांगता प्रमाण पत्र)
- कार्य अनुभव प्रमाण पत्र एवं आदेश की प्रति।
- विशेष छूट हेतु प्रमाण पत्र।
- वर्तमान नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र (लागू हो तो)
- सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी पद हेतु इंटीग्रेटेड सर्टिफिकेट इन कम्यूनिटी हेल्थ प्रमाण पत्र ।
- अन्य आवश्यक दस्तावेज (यदि लागू हो तो)।
  (उपरोक्त क्रम अनुसार ही अभ्यार्थी स्वप्रमाणित वांछित दस्तावेज आवेदन पत्र के साथ संलग्न करेंगे।)

11. अन्य नियम एवं शर्ते :–

11.1 संविदा कर्मचारी द्वारा नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के पश्चात् नियुक्ति प्राधिकारी के साथ राशि रू. 50/– के गैर न्यायिक बंध पर अनुबंध निष्पादित किया जाना होगा अनुबंध के निष्पादन पर होने वाला व्यय चयनित अभ्यार्थी द्वारा वहन किया जावेगा।

11.2 दावा आपत्ति आवेदन हेतु दावा आपत्ति मंगाये जाने के समय निर्धारित प्रारूप जारी किया जावेगा। उक्त निर्धारित प्रारूप में ही दावा आपत्ति स्वीकार किये जायेंगे। दावा आपत्ति हेतु निर्धारित तिथि के बाद किसी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

11.3 दावा आपत्ति हेतु अभ्यर्थियों को एक निश्चित समय दिया जायेगा आवेदन/सूची मे त्रुटियों की स्थिति मे जिला स्तर पर गठित समिति इन दावा आपत्ति का निराकरण कर निर्णय लेगी तथा दावा आपत्ति निराकरण एवं पात्र अभ्यार्थियो की सूची जारी करेगी एवं दावा आपत्ति के तिथि के पश्चात किसी भी दावा आपत्ति को स्वीकार/मान्य नही किया जायेगा तथा विज्ञापन के अंतिम तिथि के पश्चात जारी कोई भी नवीन दस्तावेज दावा आपत्ति में स्वीकार/मान्य नही किया जायेगा।

11.4 विज्ञापन व भर्ती प्रक्रिया के समय तथ्यात्मक/लिपिकीय/रिक्तियों/टंकन आदि संबंधित त्रुटी सुधार किया जा सकेगा जिसकी सूचना विधिवत प्रकाशित किया जावेगा।

11.5 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेशानुसार कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला जांजगीर–चांपा में उल्लेखित, निर्धारित तिथि एवं कार्यालयीन समय में पदभार ग्रहण हेतु उपस्थिति देना अनिवार्य होगा निर्धारित तिथि एवं समय में अपनी उपस्थिति नहीं देने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जावेगी। जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।

11.6 भर्ती की प्रकिया के दौरान होने वाली किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार जिला स्तरीय गठित चयन समिति/मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला जांजगीर चांपा छ.ग.को होगा।

11.7 आवश्यकतानुसार विज्ञापित पदों की संख्या में कमी या वृद्वि की जा सकती है विशेष कारणों से विज्ञापित पद अथवा संपूर्ण विज्ञापन को निरस्त करने का अधिकार जिला स्तरीय गठित चयन समिति/मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला जांजगीर चांपा छ.ग. को होगा।

11.8 आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेज का विवरण आवेदन पत्र में उल्लेख करना अनिवार्य है।

**12.** ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवायें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन/किसी भी शासकीय/अर्द्वशासकीय विभाग/शासन द्वारा वित्त पोषित संस्था द्वारा अनुशासनहिनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण से सेवा समाप्त की गई है, उन्हे अपात्र उम्मीदवार की श्रेणी में रखा जावेगा।

**13.** भर्ती एवं सेवा अवधि के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जारी " मानव संसाधन नीति 2018" एवं मानव संसाधन नीति 2018 के यथासंभव नियमों तथा उच्च कार्यालय द्वारा समय – समय पर जारी अन्य निर्देश/आदेश/नियम यथा संशोधित लागू होंगे।

**14.** योग्य उम्मीदवार नही होने की दशा में चयन समिति द्वारा भर्ती निरस्त कर पुनः पद विज्ञापित कराया जा सकता है।

**15** विज्ञापित पदो मे बैकलाग पद शामिल है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला – जांजगीर चांपा (छ.ग.)

# आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला–जांजगीर – चांपा (छ.ग.)

| स्व हस्ताक्षरित पासपोर्ट साईज फोटो |
|---|

आपका विज्ञापन दिनाँक ................................... में विज्ञापित पद क्रमांक.................................(पद का नाम) ........................................................................................ के लिये मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ।

1. आवेदक/आवेदिका का नाम (हिन्दी में) :...........................................................................

आवेदक का पूरा नाम (अंग्रेजी में) :...........................................................................

2. पिता/पति का नाम :...........................................................................

3. माता का नाम :...........................................................................

4. (अ)जन्म तिथि (अंको में) :वर्ष.........................माह...................दिनॉक .................

(ब) आयु 1 जनवरी 2026 की स्थिति मे (प्रमाण पत्र संलग्न करे ) :वर्ष..........................माह...................दिन.......................

5. जाति (सामान्य./अजा/अ.ज.जा/अ.पि.व.) (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें) :...........................................................................

6. लिंग (पुरूष/महिला/अन्य) :...........................................................................

7. छ.ग. का मूल स्थानीय निवासी है या नही (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें) :...........................................................................

8. क्या आप विकलांग श्रेणी के हैं :...........................................................................
   8.1 विकलांगता का प्रतिशत एवं प्रकार :...........................................................................
   8.2 भूतपूर्व सैनिक हॉ/नही :...........................................................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)

9. स्थायी निवास का पता :...........................................................................
:...........................................................................
:...........................................................................
:...........................................................................

10. वर्तमान पत्र व्यव्हार का पता :...........................................................................
:...........................................................................
:...........................................................................
मोबाईल नं.:....................................... दूरभाष नं. ........
ई–मेल आई.डी:..................................................................

11. आवेदक शुल्क –

| वर्ग | मानदेय प्रतिमाह 25000 से कम आय के पदो के लिये | मानदेय प्रतिमाह 25000 एवं 25000 से अधिक आय के पदो के लिये |
|---|---|---|
| विकलांग/अ.जा./अ.ज.जा./महिला | 100 रू. | 200 रू. |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | 200 रू. | 300 रू. |
| अनारक्षित संवर्ग | 300 रू. | 400 रू. |

(आवेदन शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक से **DISTRICT HEALTH SOCIETY Non NHM Other Fund JANJGIR** के नाम से डिमाण्ड ड्राप्ट जो कि जांजगीर में देय होगा,(वापसी देय नही ) डिमाण्ड ड्राप्ट की मूल प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। डिमांड ड्राप्ट के अलावा अन्य किसी भी माध्यम से शुल्क देय मान्य नही होगा)

12. बैंक ड्राप्ट का विवरण :डी.डी. क्रमांक ................................................ दिनॉक.................................

बैंक का नाम ................................................ राशि.....................................

13. शैक्षणिक योग्यता :– वांछित शैक्षणिक योग्यता का ही विवरण भरा जावें)
शैक्षणिक योग्यता की जानकारी गलत/अधूरा भरा जाने पर आवेदन निरस्त किया जावेगा।

| क. | परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण परीक्षा का वर्ष | उत्तीर्ण परीक्षा का पूर्णांक | उत्तीर्ण परीक्षा का प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

14. कार्यानुभव (यदि हो तो उल्लेख करें) :–

| क्र | कार्यालय का नाम | पदनाम | कार्यावधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

15. क्या आप विवाहित है। (हॉ/नही) :...............................................................................

16. संलग्न स्वसत्यापित प्रमाणपत्रों की सूची व संख्या :–
1. आठवी (जिन पदों हेतु शैक्षणिक योग्यता 8 वी है के लिये)
2. दसवी एवं बारहवी की अंकसूची
3. शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची (सभी सेमेस्टर/ वर्षो का)
4. संबंधित कौंसिल का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र
5. जाति प्रमाण पत्र स्थायी/सत्यापित
6. मूल निवास प्रमाण पत्र
7. भूतपूर्व सैनिक/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी से संबंधित प्रमाण पत्र
8. विकलांग प्रमाण पत्र जीवित
9. बैंक ड्राप्ट की मूलप्रति
10. अनुभव/अन्य
11. .................................................................................
12. .....................................................................

## <u>घोषणा पत्र</u>

मै एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूॅ कि इस आवेदन पत्र में दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य एवं पूर्ण है। जो किसी भी स्थिति में असत्य पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त हो जावेगी तथा भर्ती संबंधी मेरे सभी दावे समाप्त हो जाएंगे।

स्थान :–..........................
दिनॉक:–..........................

आवेदक के हस्ताक्षर
नाम..............................................
पूर्ण पता..........................................

## Appendix-1

(Formate For Certification from Principal for Applying for **CHO**, NHM CG)

[For Candidates who shall be Passed in Final Examination of B.Sc. (Nursing)/Post Basic B.Sc. (Nursing) along with integrated Certificate course in Community Health (CCH)]

**College Letter Head**

# Certificate

This is to certify that Mr./Ms./Mrs.------------------------------------ University enrollment number---------------------------------------------Son/Daughter/Wife of -----------------------------------------is a passed student of B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing course with intgrated curriculum of certificate in Community Health as per notification of University. He/She is due to passed in final examination of the course.

**Date : ---------------------**

**Authorized Signatory**

**Signature With Seal**